बिहार सरकार

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल, वाल्मीकिनगर

**Email id-valmikinagarmwc@gmail.com**

प0 चम्पारण–845107

## नीलामी सूचना संख्या–01/2025–26

पत्रांकः–........................../ वाल्मीकिनगर, दिनांकः–................../03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान का पत्रांक 430 दिनांक– 07.02.2026 एवं अधीक्षण अभियंता, रूपांकन आयोजन एवं मोनिटरिंग अंचल सिवान का पत्रांक 44 दिनांक 18.02.2026 के आलोक में मुख्य पश्चिमी नहर अवर प्रमंडल, त्रिवेणी (नेपाल भू–भाग) के भंडारो मे वर्षो से पड़े अनुपयोगी एवं टूटे–फूटे यंत्र–सयंत्रों एवं उपस्करों की सार्वजनिक नीलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का अनुमोदित मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक नीलामी "जहाँ है जैसे है उसी स्वरूप में" के आधार पर दिनांक–17.04.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में कार्यपालक अभियंता, मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल, वाल्मीकिनगर के कार्यालय में की जायेगी, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| ग्रुप सं0 | प्रमंडलाधीन/अवर प्रमंडलाधीन अनुपयोगी यंत्र संयत्र एवं उपस्कर | नीलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में) | सुरक्षित जमा राशि (रू0 में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रमंडलीय सूचना पट्ट पर प्रदर्शित मुख्य पश्चिमी नहर अवर प्रमंडल, त्रिवेणी (नेपाल भू–भाग) अवस्थित यंत्र संयत्र एवं उपस्कर इत्यादि (अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न) | ₹ 20,81,291.00 | ₹ 2,08,200.00 | 17.04.2026 |

**नीलामी की शर्तें:–**

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक–06.04.2026 से 11.04.2026 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्यिों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित यंत्र–संयत्र एवं उपस्करों इत्यादि की सूची देख सकते हैं एवं नीलामी वाले यंत्र, संयंत्र एवं उपस्कर इत्यादि की संख्या/मात्रा से संतुष्टोपरान्त ही नीलामी में भाग लेगें।
2. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदक/फर्म को सुरक्षित जमा राशि के साथ–साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, अद्यतन जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, Character Certificate (जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत), दो पासपोर्ट साईज फोटो आदि की स्वहस्ताक्षरित अभिलेख जमा करना होगा।
3. अनुलग्नक–2 के रूप में संलग्न शपथ पत्र को Affidavit के रूप में समर्पित करना होगा।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक–13.04.2026 के अपराहन 3:00 बजे तक अपने आवेदन के साथ कॉलम–04 में अंकित सुरक्षित जमा राशि बैंक ड्राफ्ट/डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो Executive Engineer, Main Western Canal Division, Valmikinagar के नाम से देय हो तथा SBI Valmikinagar में भुगतेय हो (Payable at S.B.I Valmikinagar) को जमा करना होगा। उसके बाद ही उन्हें दिनांक–17.04.2026 को नीलामी में भाग लेने दिया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अरविन्द

18/03/26

Scanned with OKEN Scanner

5. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदक/फर्म को दिनांक 13.04.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक विहित प्रपत्र अनुलग्नक–3 में सभी विवरणी भरकर वांछित अनुलग्नक सहित इस कार्यालय में जमा करना होगा।

6. नीलामी में भाग लेने हेतु योग्य बोली–दाताओं की सूची दिनांक 16.04.2026 को 3:00 बजे अपराह्न में प्रमंडलीय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी।

7. न्यूनतम निर्धारित मुल्य से कम की बोली लगाने की अनुमति नहीं होगी।

8. नीलामी प्रक्रिया में जल संसाधन विभाग या इससे संलग्न/अधीन किसी भी कार्यालय के सरकारी पदाधिकारी/कर्मी भाग नहीं लेंगे।

9. विमुक्ति आदेश निर्गत होने के पश्चात् 20 (बीस) दिनों के अंदर सामग्री का संबंधित स्थल से उठाव कराना सुनिश्चित करना होगा, विलंब की स्थिति में प्रतिदिन के हिसाब से कॉलम–03 में अंकित राशि का 01 (एक) प्रतिशत दण्ड किराया देना होगा।

10. नीलामी में सफल बोली–दाता को बोली मूल्य का 25 प्रतिशत राशि दिनांक 17.04.2026 को सफल होने की घोषणा के साथ ही डिमांड ड्राफ्ट/बैंर्कस चेक के रूप में जमा करना होगा, जो Executive Engineer, Main Western Canal Division, Valmikinagar के नाम से देय हो तथा SBI Valmikinagar में भुगतेय हो ।

11. नीलामी में सफल बोली–दाता को नीलामी की शेष राशि बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में 02 (दो) दिनों के अंदर Executive Engineer, Main Western Canal Division, Valmikinagar के नाम से देय हो, तथा SBI Valmikinagar में भुगतेय हो, को जमा करना होगा। तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा विमुक्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। उक्त अवधि के अंदर नीलामी की राशि जमा नहीं करने पर सुरक्षित जमा राशि एवं ब्याना राशि जब्त कर ली जायेगी।

12. प्रथम उच्चतम बोलीदाता द्वारा निर्धारित अवधि में नीलामी की शेष राशि जमा नहीं करने पर उनका सुरक्षित जमा राशि जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को आमंत्रित किया जाएगा। यदि द्वितीय उच्चतम बोलीदाता द्वारा नीलामी की शेष राशि जमा नहीं किया जाता है तो उनका भी सुरक्षित जमा राशि जब्त करते हुए तृतीय स्थान पर रहे बोलीदाता को आमंत्रित किया जाएगा। यदि तृतीय बोलीदाता द्वारा भी नीलामी की शेष राशि जमा करने से इंकार किया जाता है तो उनके द्वारा जमा की गयी सुरक्षित जमा राशि जब्त कर लिया जाएगा। इस मामले में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

13. नीलामी बिना कारण बताये रोकने/रद्द करने की शक्ति अधोहस्ताक्षरी की होगी।

14. नीलामी में सफल बोली दाता को उनके द्वारा घोषित नीलामी की राशि पर नियमानुकूल सभी देय करों का भी भुगतान करना होगा।

15. सफल बोली–दाता को अपने व्यय पर सामग्री का उठाव एवं परिसर का साफ–सफाई करना होगा।

16. प्रथम/द्वितीय/तृतीय उच्चतम बोली–दाता को छोड़कर शेष असफल बोली–दाता को नीलामी के 05 कार्यकारी दिनों के बाद सुरक्षित जमा राशि वापस किया जायेगा।

17. नीलामी वाले यंत्र, संयत्र एवं उपस्करों इत्यादि के नेपाल भू–भाग में अवस्थित होने के परिप्रेक्ष्य में नेपाल भू–भाग में प्रचलित नियमों एवं नीलामी वाले यंत्र/सयंत्र/उपस्करों के आवागमन/पारगमन में सीमा शुल्क/Custom Clearance इत्यादि की आवश्यकता हो सकती है जिसके अनुपालन की पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित बोली–दाता की होगी।

18. नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में दूरभाष संख्या–7463889686 पर संपर्क किया जा सकता है।

18/03/26

कार्यपालक अभियंता,
मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल,
वाल्मीकिनगर।

18/3/26 Krishan 18/3/26 अरविन्द 18-03-26 18/3/26

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांकः–......631....../ वाल्मीकिनगर, दिनांकः–..........18/03/2026

प्रतिलिपिः–सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना (wrd.pro@gmail.com) एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना (pmd2wrdbihar@gmail.com) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं दो हिन्दी दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु0– Soft Copy (PDF and M.S. Word)

कार्यपालक अभियंता,
मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल,
वाल्मीकिनगर।

Scanned with OKEN Scanner

**अनुलग्नक -01**

मुख्य पश्चिमी नहर अवर प्रमंडल, त्रिवेणी (नेपाल भू-भाग ) अवस्थित नीलामी हेतु यंत्र, संयंत्र एवं उपस्कर इत्यादि की सूची -

**GODOWN -01 OF MAIN WESTERN CANAL SUB-DIVISION TRIVENI (NEPAL) -**

| S.No. | Items of Particulars | Qty. | Unit | Total | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pump trolley with half body cover only | 3 | Nos | | |
| 2 | Diesel Genereton | 1 | Nos | | |
| 3 | Needle Vibrator hose pipe | 3 | Nos | | |
| 4 | Cable 50 mm dia aluminium | 2 | Nos | 240 | feet |
| 5 | Cable 35 mm dia aluminium | 1 | Nos | 120 | feet |
| 6 | Old tyre jeep /truck | 8 | Nos | | |
| 7 | Old Tin | 10 | Nos | | |
| 8 | G.I Wire | 1 | coil | 6 | Kg |
| 9 | G.I Corrugated sheet | 4 | nos | | |
| 10 | Cement corrugated sheet | 18 | Nos | | |
| 11 | Cement Parapet railing | 14 | Nos | | |
| 12 | Wooden table | 1 | Nos | | |
| 13 | Steel table | 5 | Nos | | |
| 14 | Steel chair | 3 | Nos | | |
| 15 | Wooden Tripod | 1 | Nos | | |
| 16 | Staff | 1 | Nos | | |
| 17 | Wood Scrap | | | 45 | kg |
| 18 | Rubber Hose pipe | 1 | Nos | | |
| 19 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 326 | Nos | 4437 | kg |
| 20 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 428 | Nos | 2987 | kg |
| 21 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 453 | Nos | 5428 | kg |
| 22 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 154 | Nos | 1419 | kg |
| 23 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 148 | Nos | 2281 | kg |

18/03/26 18/3/20 अरविन्द 18/03/26

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **अनुलग्नक -01** |
| मुख्य पश्चिमी नहर अवर प्रमंडल, त्रिवेणी (नेपाल भू-भाग ) अवस्थित नीलामी हेतु यंत्र, संयंत्र एवं उपस्कर इत्यादि की सूची - | | | | | |
| 24 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 138 | Nos | 4745 | kg |
| 25 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 8 | Nos | 90 | kg |
| 26 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 11 | Nos | 194 | kg |
| 27 | M.S Rod of different size (cut Pieces) | 127 | Nos | 458 | kg |
| 28 | Channel (200X75 mm) | 1 | Nos | 83 | kg |
| 29 | I-Section Beam | 3 | Nos | 165 | kg |
| 30 | Fabricated Angle structure | 4 | Nos | 194 | kg |
| 31 | Fabricated Angle structure | 8 | Nos | 377 | kg |
| 32 | Fabricated Angle structure | 2 | Nos | 170 | kg |
| 33 | Fabricated Angle structure | 8 | Nos | 888 | kg |
| 34 | Fabricated Angle structure | 1 | Nos | 54 | kg |
| 35 | M.S Sheet 5mm | 3 | Nos | 355 | kg |
| 36 | Channel | 31 | Nos | 1750 | kg |
| 37 | Angle/flat | 12 | Nos | 129 | kg |
| 38 | I-Section Beam | 15 | Nos | 786 | kg |
| 39 | Iron Pipe 6" dia | 112 | Nos | 7.9 | mtr |
| 40 | Iron Pipe 6" dia | 4 | Nos | 6.9 | mtr |
| 41 | Iron Pipe 6" dia | 2 | Nos | 6.5 | mtr |
| 42 | Iron Pipe 6" dia | 20 | Nos | 6 | mtr |
| 43 | Iron Pipe 6" dia | 35 | Nos | 111.5 | Mtr |
| 44 | GI Pipe 4" dia | 8 | Nos | 6.4 | Mtr |
| 45 | GI Pipe 4" dia | 9 | Nos | 6.35 | Mtr |
| 46 | GI Pipe 4" dia | 8 | Nos | 4.9 | Mtr |
| 47 | GI Pipe 4" dia | 1 | Nos | 1.8 | Mtr |
| 48 | GI Pipe 4" dia | 28 | Nos | 102.5 | Mtr |

18/03/26

18/03/26

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **अनुलग्नक -01** |
| मुख्य पश्चिमी नहर अवर प्रमंडल, त्रिवेणी (नेपाल भू-भाग) अवस्थित नीलामी हेतु यंत्र, संयंत्र एवं उपस्कर इत्यादि की सूची - | | | | | |
| 49 | GI Pipe 3.00" dia | 15 | Nos | 6.35 | Mtr |
| 50 | GI Pipe 2.5" dia | 15 | Nos | 6.35 | Mtr |
| 51 | GI Pipe 2.5" dia | 3 | Nos | 6 | Mtr |
| 52 | GI Pipe 2.5" dia | 15 | Nos | 42.5 | Mtr |
| 53 | GI Pipe 2.0" dia | 2 | Nos | 6.3 | Mtr |
| 54 | GI Pipe 2.0" dia | 1 | Nos | 6 | Mtr |
| 55 | GI Pipe 2.0" dia | 2 | Nos | 5.7 | Mtr |
| 56 | GI Pipe 2.0" dia | 2 | Nos | 5 | Mtr |
| 57 | GI Pipe 2.0" dia | 1 | Nos | 7 | Mtr |
| **GODOWN -02 OF MAIN WESTERN CANAL SUB-DIVISION TRIVENI (NEPAL) -** | | | | | |
| 1 | Concrete Mixture Machine | 6 | Nos | | |
| 2 | Water Tanker Body | 1 | Nos | | |
| 3 | Fabricated Steel Structure of Angle | 10 | Nos | 85 | Kg |
| 4 | Road Roller | 1 | Nos | | |
| 5 | Old Tar Vehicle | 3 | Nos | | |
| 6 | Old Truck Tyre | 1 | Nos | | |
| 7 | Tin Drum(Tar Drum) | 8 | Nos | | |
| 8 | Iron Sheet Board | 2 | Nos | | |
| 9 | Steel Trolley Body made of Channels & angles | 1 | Nos | | |
| 10 | Pump (Body Only) | 2 | Nos | | |
| 11 | Steel 6 mm Rod jali | 1 | Nos | 1 | Sqm |
| 12 | Heavy Fabricated structure | 1 | Nos | | |

Scanned with OKEN Scanner

# शपथ पत्र

01. मैं.........................................................................शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैं जल संसाधन विभाग के किसी कार्यालय में सरकारी कर्मचारी या पदाधिकारी नहीं हूँ ।

02. मैं घोषणा करता हुँ कि मैं किसी भी वाद में सजायाफ्ता नहीं हूँ एवं मेरे ऊपर कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है।

03. मैं नीलामी के सभी नियमों एवं शर्तो को पूर्ण करता हूँ। यदि मैं नीलामी में सफल होता हूँ तो 02 (दो) दिनों के अन्दर बोली की शेष राशि जमा कर 20 (बीस) दिनो के अंदर परिसर से नीलामी की सामग्रियों का उठाव बिना किसी प्रकार के नुकसान के साफ–सुथरे तरीके से कर लूँगा।

04. **"I, the undersigned, do hereby certify that all the statement made in the required attachments are true and correct and if found fake / forged, the undersigned will be liable for Infliction upon the FIR and lawful punishment".**

Scanned with OKEN Scanner

**अनुलग्नक–3**

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,

मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल,

वाल्मीकिनगर।

विषयः– दिनांक 17.04.2026 को कार्यपालक अभियंता, मुख्य पश्चिमी नहर प्रमंडल, वाल्मीकिनगर द्वारा आमंत्रित अनुपयोगी/यंत्रों/संयत्रों/उपस्करों के नीलामी में भाग लेने के संबंध में।

प्रसंगः– नीलामी आमंत्रण सूचना सं0–............. दिनांक......................

महाशय,

मैं..............................................................................., पता...........................................................

..................................................................................., विषयांकित नीलामी में भाग लेना चाहता हूँ/चाहती हूँ। वांछित सुरक्षित जमा राशि का विवरण निम्नवत् है। :–

| क्रमांक | निर्धारित सुरक्षित जमा की राशि का विवरण | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| | बैंक ड्राफ्ट/डिमान्ड ड्रफट/बैंकर्स चेक का विवरण | राशि | |
| 1 | | | |

अनु0 :–

1. बैंक ड्राफ्ट/डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक का विवरण...................
2. पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
3. आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
4. चरित्र प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
5. अद्यतन GST प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
6. वॉछित शपथ–पत्र मूल में।
7. स्वहस्ताक्षरित दो पासपोर्ट साईज फोटों।

विश्वासभाजन

नाम–

पता–

मो0–

ई–मेल–

Scanned with OKEN Scanner